प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार मल्टीट्रैकिंग रेल परियोजनाओं और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण को अनुमति देने के मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण से सीमावर्ती गांवों में बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ सरकार वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के प्रथम चरण की तुलना में कवर किए गए गांवों का दायरा बढ़ा रही है। इस प्रोग्राम के दूसरे चरण को कुल छह हजार, 839 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य समृद्ध और सुरक्षित सीमा सुनिश्चित करने के लिए बेहतर जीवन स्थितियां और पर्याप्त आजीविका के अवसर पैदा करना है।

00000

जयपुर डेयरी ने आज से 'सरस लाडो मायरा योजना' की शुरूआत की है। इस योजना के तहत डेयरी से जुड़े दुग्ध उत्पादकों की बेटियों की शादी में मायरा भरा जाएगा। जयपुर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष फौजदार ने बताया कि डेयरी की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर ये योजना लाई जा रही है। इसमें 21 हजार रुपये का मायरा दिया जाएगा। इससे करीब डेढ़ लाख पंजीकृत दुग्ध उत्पादकों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य लिंगानुपात को संतुलित करना और बाल विवाह को रोकना है।

000

जैसलमेर में वर्षो से बंद पडी जीरा मंडी को एक बार फिर से शुरू किया गया है। सरकार की 2024 की बजट घोषणा के तहत 25 साल बाद शुरू हुई इस मंडी से अब किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंडी समिति के सचिव रामप्रताप सिंह ने कहा कि सरकार का यह निर्णय किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि किसानों को पारदर्शी नीलामी प्रकिया से अधिकतम मूल्य दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। किसानों और व्यापारियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे ना केवल किसान आर्थिक रूप से मजबूत होगा बल्कि जिले की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

00000

पीटीईटी–2025–26 के लिए आवेदन की कल अंतिम तारीख है। प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा 15 जून को आयोजित होगी। जिला समन्वयक प्रो. डॉ. स्निग्धा शर्मा ने बताया कि पीटीईटी की परीक्षा आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाइट और ई–मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क की राशि 500 रुपये निर्धारित की गई है।

00000

झुंझुनूं के राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में अब कैंसर की निशुल्क जांच हो सकेगी। कैंसर रोगियों को किसी भी प्रकार की जांच के लिए जयपुर नहीं जाना होगा। इससे समय और पैसे की बचत होगी। राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में पीएमओ डॉ. राजवीर राव ने आज इसका शुभारंभ किया। डॉ. राव ने बताया कि ब्लड कैंसर, ब्रेस्ट और सर्वाइकिल कैंसर सहित सभी प्रकार के कैंसर की जांच अब जिला अस्पताल में ही की जाएगी। साथ ही अलग–अलग तरह की जांचों की रिपोर्ट 24 से 48 घंटे के बीच मिल सकेगी।

00000

प्रदेश में आज से बाड़मेर और जैसलमेर में हीटवेव चलने की संभावना है जो आठ अप्रैल तक जारी रहेगी। इसके चलते दोनों जिलों के लिए मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में इस दौरान पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। राज्य में कल भी दिनभर तेज गर्मी रही। पिछले 24 घंटों में जहां सबसे ज्यादा तापमान बाडमेर में 42 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 38 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस पर पंहुच गया। बढती गर्मी के मद्देनजर जहा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारियों से बचने के लिए विशेष इंतजाम कर रहा हैं वहीं कई संस्थायें और संगठन पशुपक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए खास इंतजाम कर रहे है। पाली में विभिन्न संस्थाओं की ओर से 800 गांवों और ढाणियों में 40 हजार परिंडे लगाने का अभियान चलाया जाएगा। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने सभी से अभियान से जुडने और भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

......

00000